भारत सरकार

श्रम और रोजगार मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 3290

गुरूवार, 31 मार्च, 2022/ 10 चैत्र, 1944 (शक)

शहरी रोजगार संबंधी सर्वेक्षण

3290. श्री विशम्भर प्रसाद निषाद:
श्री चौधरी सुखराम सिंह यादव:
श्रीमती छाया वर्मा:
श्री राम नाथ ठाकुर:

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या अप्रैल से जुलाई 2021 हेतु 14 मार्च, 2022 को जारी किए गए सरकार के आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण के अनुसार कोविड-19 वैश्विक महामारी की दूसरी लहर के दौरान शहरी क्षेत्रों में बेरोजगारी में वृद्धि हुई थी;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी क्षेत्र-वार और राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) आज की तारीख में देश में बेरोजगार व्यक्तियों की राज्य-वार संख्या का ब्यौरा क्या है; और

(घ) 31 मार्च, 2019 की स्थिति के अनुसार देश में बेरोजगार व्यक्तियों का राज्य-वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर

श्रम और रोजगार राज्य मंत्री

(श्री रामेश्वर तेली)

(क) से (घ): राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) द्वारा आयोजित आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) के तिमाही बुलेटिन (अप्रैल-जून 2021) और (जुलाई-सितंबर 2021) के अनुसार, भारत में 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के व्यक्तियों की शहरी क्षेत्रों में वर्तमान साप्ताहिक स्थिति (सीडब्ल्यूएस) के अनुसार बेरोजगारी दर (यूआर) 12.6% से घटकर 9.8% हो गई है। 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के व्यक्तियों के शहरी क्षेत्रों में वर्तमान साप्ताहिक स्थिति (सीडब्ल्यूएस) के अनुसार बेरोजगारी दर (यूआर) का राज्य-वार अनुमान अनुबंध-I में दिया गया है।

अखिल भारतीय बेरोजगारी दर (यूआर) पूरे भारत में 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के व्यक्तियों की सामान्य स्थिति (पीएस+एसएस) के अनुसार पीएलएफएस (2018-19) में 5.8% से घटकर पीएलएफएस (2019-20) में 4.8% हो गई है।

प्रत्येक राज्य/ संघ राज्य क्षेत्र के लिए पीएलएफएस (2018-19) और पीएलएफएस (2019-20) के दौरान 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के व्यक्तियों की सामान्य स्थिति (पीएस+एसएस) के अनुसार बेरोजगारी दर (यूआर) (प्रतिशत में) अनुबंध-II में दी गई है।

**

*****

अनुबंध-I

श्री विशम्भर प्रसाद निषाद एवं अन्य माननीय सदस्यों द्वारा पूछे गए दिनांक 31.03.2022 के लिए नियत राज्य सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 3290 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध।

अप्रैल-जून 2021 और जुलाई-सितंबर 2021 के दौरान विभिन्न राज्यों के शहरी क्षेत्रों में 15 वर्ष और उससे अधिक आयु वर्ग के लिए वर्तमान साप्ताहिक स्थिति (सीडब्ल्यूएस) के अनुसार बेरोजगारी दर (यूआर) (प्रतिशत में)।

राज्य	व्यक्ति	
	अप्रैल-जून 2021	जुलाई-सितंबर 2021
आंध्र प्रदेश	9.2	7.9
असम	9.1	10.2
बिहार	9.6	11.6
छत्तीसगढ	19.0	10.8
दिल्ली	8.0	9.0
गुजरात	5.5	4.9
हरियाणा	11.9	14.0
हिमाचल प्रदेश	9.6	12.5
झारखंड	17.9	13.6
कर्नाटक	8.1	5.5
केरल	24.4	18.2
मध्य प्रदेश	17.1	9.6
महाराष्ट्र	13.8	9.1
उड़ीसा	14.3	14.6
पंजाब	8.1	8.2
राजस्थान	16.4	13.4
तमिलनाडु	15.9	10.8
तेलंगाना	12.9	9.5
उत्तराखंड	17.0	17.4
उत्तर प्रदेश	12.3	9.9
पश्चिम बंगाल	10.1	7.8
जम्मू और कश्मीर*	17.6	16.6
अखिल भारत	**12.6**	**9.8**

* जम्मू और कश्मीर एक बड़ा संघ राज्य क्षेत्र होने के कारण, लद्दाख को छोड़कर जम्मू और कश्मीर के अनुमान जुलाई-सितंबर 2021 की तिमाही के उपलब्ध किए गए हैं। हालांकि, ये अनुमान जम्मू और कश्मीर के सम्मुख दिए गए पिछली तिमाही के अनुमानों के साथ तुलनीय नहीं हैं, जिसमें लद्दाख भी शामिल है।

अनुबंध-II

श्री विशम्भर प्रसाद निषाद एवं अन्य माननीय सदस्यों द्वारा पूछे गए दिनांक 31.03.2022 के लिए नियत राज्य सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 3290 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध-II.

प्रत्येक राज्य/संघ राज्य क्षेत्र के लिए पीएलएफएस (2018-19) और पीएलएफएस (2019-20) के दौरान 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के व्यक्तियों की सामान्य स्थिति (पीएस+एसएस) के अनुसार बेरोजगारी दर (यूआर) (प्रतिशत में)

राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	बेरोजगारी दर (यूआर) (प्रतिशत में)	
	पीएलएफएस 2018-19	पीएलएफएस 2019-20
आंध्र प्रदेश	5.3	4.7
अरुणाचल प्रदेश	7.7	6.7
असम	6.7	7.9
बिहार	9.8	5.1
छत्तीसगढ	2.4	3.3
दिल्ली	10.4	8.6
गोवा	8.7	8.1
गुजरात	3.2	2.0
हरियाणा	9.3	6.4
हिमाचल प्रदेश	5.1	3.7
जम्मू और कश्मीर	5.1	6.7
झारखंड	5.2	4.2
कर्नाटक	3.6	4.2
केरल	9.0	10.0
मध्य प्रदेश	3.5	3.0
महाराष्ट्र	5.0	3.2
मणिपुर	9.4	9.5
मेघालय	2.7	2.7
मिजोरम	7.0	5.7
नागालैंड	17.4	25.7
उड़ीसा	7.0	6.2
पंजाब	7.4	7.3
राजस्थान	5.7	4.5
सिक्किम	3.1	2.2
तमिलनाडु	6.6	5.3
तेलंगाना	8.3	7.0
त्रिपुरा	10.0	3.2
उत्तराखंड	8.9	7.1
उत्तर प्रदेश	5.7	4.4
पश्चिम बंगाल	3.8	4.6
अंडमान और निकोबार द्वीप समूह	13.5	12.6
चंडीगढ़	7.3	6.3
दादरा और नागर हवेली	1.5	3.0
दमन और दीव	0.0	2.9
लक्षद्वीप	31.6	13.7
पुदुचेरी	8.3	7.6
लद्दाख	-	0.1
अखिल भारत	5.8	4.8

*2018-19 के लिए, जम्मू और कश्मीर के अनुमान में लद्दाख भी शामिल है, जबकि 2019-20 के लिए, जम्मू और कश्मीर और लद्दाख के अलग-अलग अनुमान उपलब्ध हैं।

** 2018-19 के लिए लद्दाख का अलग अनुमान उपलब्ध नहीं था

*****